# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......अमर उजाला......

दिनांक 23.1.2019 पृष्ठ सं. ......6...... कॉलम ......6-8......

# विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में हिसार प्रथम नरवाना दूसरे और भिवानी तीसरे स्थान पर

## हिसार, जींद, भिवानी, सिरसा, चरखी दादरी और फतेहाबाद की 23 टीमों ने लिया हिस्सा

अमर उजाला ब्यूरो

हिसार। चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय में मंगलवार को विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के सभागार में आयोजित प्रतियोगिता में छह जिलों की जिला स्तरीय विजेता 23 टीमों के 69 विद्यार्थियों ने भाग लिया। गवर्नमेंट पीजी कॉलेज हिसार की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि केएम गवर्नमेंट कॉलेज नरवाना दूसरे और गवर्नमेंट पीजी कॉलेज भिवानी की टीम तीसरे स्थान पर रही।



एचएयू में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के दौरान उपस्थित विद्यार्थी। - अमर उजाला

प्रतियोगिता का आयोजन हरियाणा राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग हरियाणा द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में 23 टीमों में पहले शानदार प्रदर्शन करने वाली आठ टीमों का चयन किया गया। इन टीमों के बीच प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता की गई। कुल सात राउंड कराए गए, जिसमें हिसार की टीम ने पहला स्थान हासिल किया। मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजवीर सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता के आयोजन का उद्देश्य स्कूल व कॉलेज के विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच उत्पन्न करने एवं विज्ञान शिक्षा को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग हरियाणा के स्कीम इंचार्ज रविंद्रा और इंस्टीटयूट ऑफ इंटेग्रेटिड एंड ऑनर्ज स्टडीज कुरुक्षेत्र के फिजिक्स के प्राध्यापक एवं क्विज मास्टर डॉ. आनंद ने भी कार्यक्रम में संबोधित किया।

**विज्ञान में रुचि बढ़ाने के लिए कई योजनाएं :** हरियाणा राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग हरियाणा द्वारा विद्यार्थियों की विज्ञान में रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से कई स्कीमें आरंभ की गई हैं। इनके तहत विभिन्न बाल विज्ञान कांग्रेस, विज्ञान निबंध लेखन प्रतियोगिता, विज्ञान सम्मेलन, राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन, विज्ञान में उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति, अनुसंधान फेलोशिप, विज्ञान प्रश्नोत्तरी आदि का आयोजन किया जाता है। प्रतियोगिताओं का आयोजन जिला स्तर, जोन स्तर एवं राज्य स्तर पर स्कूल व कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया जाता है। इनका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल एवं मनोरंजन के माध्यम से विज्ञान को बढ़ावा देना एवं वैज्ञानिक जागरूकता पैदा करना है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम दैनिक भास्कर
दिनांक 23.1.2019 पृष्ठ सं. 2 कॉलम 3-5

# एचएयू में विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में गवर्नमेंट पीजी कॉलेज हिसार रहा फर्स्ट

## मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के सभागार में हुई प्रतियोगिता



एचएयू के सभागार में प्रतियोगिता में बैठे स्टूडेंट्स।

**हिसार** | मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजवीर सिंह ने बताया कि स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच उत्पन्न करने को विज्ञान लोकप्रिय स्कीमें शुरू की गई हैं। जिनका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल एवं मनोरंजन के माध्यम से विज्ञान शिक्षा को बढ़ावा देना एवं वैज्ञानिक जागरूकता पैदा करना है। इन विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन जिला स्तर, जोन स्तर एवं राज्य स्तर पर स्कूल व कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए किया जाता है। इसमें हिसार, जींद, भिवानी, सिरसा और फतेहाबाद की जिलास्तरीय विजेता 23 टीमों ने हिस्सा लिया जिसमें 69 विद्यार्थी शामिल थे। इस अवसर पर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, हरियाणा के स्कीम इंचार्ज, रविन्द्रा तथा इंस्टीट्यूट ऑफ इंटेग्रेटिड एंड ऑनर्स स्टडीज, कुरूक्षेत्र के फिजिक्स के प्राध्यापक एवं क्विज मास्टर डॉ. आनंद कुमार ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इन प्रतियोगिताओं में गवर्नमेंट पीजी कॉलेज, हिसार, केएम गवर्नमेंट कॉलेज, नरवाना (जींद) तथा गवर्नमेंट पीजी कॉलेज, भिवानी की टीमों ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम पंजाब केसरी

दिनांक 23.1.2019 पृष्ठ सं. 5 कॉलम 1-5

## विज्ञान प्रश्नोत्तरी में 23 टीमों ने लिया भाग

# गवर्नमैंट पी.जी. कालेज हिसार रहा प्रथम

**69 विद्यार्थी शामिल हुए**



*कार्यक्रम में उपस्थित छात्र*

हिसार, 22 जनवरी (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के सभागार में विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में हिसार, जींद, भिवानी, सिरसा और फतेहाबाद की जिलास्तरीय विजेता 23 टीमों ने भाग लिया, जिसमें 69 विद्यार्थी शामिल थे।

डॉ. राजवीर सिंह ने बताया कि स्कूल व कालेज के विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच उत्पन्न करने एवं विज्ञान शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए हरियाणा राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, हरियाणा द्वारा विज्ञान निबंध लेखन प्रतियोगिता, विज्ञान सम्मेलन, राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन, विज्ञान विषयों में उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति योजना, अनुसंधान फैलोशिप, विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता इत्यादि विज्ञान लोकप्रिय स्कीमें आरंभ की गई हैं। प्रतियोगिताओं का उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल एवं मनोरंजन के माध्यम से विज्ञान शिक्षा को बढ़ावा देना एवं वैज्ञानिक जागरूकता पैदा करना है।

इस अवसर पर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, हरियाणा के स्कीम इंचार्ज रविन्द्रा तथा इंस्टीच्यूट ऑफ इंटीग्रेटिड एंड ऑनर्ज़ स्टडीज, कुरुक्षेत्र के फिजिक्स के प्राध्यापक एवं क्विज़ मास्टर डॉ. आनंद कुमार ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इन प्रतियोगिताओं में गवर्नमैंट पी.जी. कालेज हिसार, के.एम. गवर्नमैंट कालेज नरवाना (जींद) तथा गवर्नमैंट पी.जी. कालेज भिवानी की टीमों ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ....दैनिक जागरण....

दिनांक 23.1.2019 पृष्ठ सं. ...16... कॉलम ...6...

# विज्ञान प्रश्नोत्तरी में गवर्नमेंट पीजी कालेज पहले स्थान पर रहा

जागरण संवाददाता, हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के सभागार में मंगलवार को हिसार जोन के कालेज विद्यार्थियों के लिए विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में हिसार, जींद, भिवानी, सिरसा और फतेहाबाद के 23 कालेजों की टीमों के 69 विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिनमें से गवर्नमेंट पीजी कालेज, हिसार ने पहला स्थान हासिल किया। वहीं केएम गवर्नमेंट कॉलेज, नरवाना (जींद) ने दूसरा और गवर्नमेंट पीजी कॉलेज भिवानी की ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा. राजवीर सिंह ने बताया कि स्कूल व कालेज के विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच उत्पन्न करने एवं विज्ञान शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। हरियाणा राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् ओर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग हरियाणा द्वारा विभिन्न बाल विज्ञान कांग्रेस, विज्ञान निबंध लेखन प्रतियोगिता, विज्ञान सम्मेलन, राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन किया जाता है। इनका मकसद विज्ञान विषयों में उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों के लिए छात्रवृति योजना, अनुसंधान फैलोशिप, विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आदि विज्ञान की लोकप्रिय योजनाओं को बढ़ावा देना है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय


समाचार-पत्र का नाम ........हैलो हिसार........

दिनांक ..22.1.2019.. पृष्ठ सं. ..2.. कॉलम ..3-5..

# डॉ. आर.के. शर्मा नेशनल एकेडमी ऑफ वेटरनरी साइंसेज ( इंडिया ) फैलोशिप से सम्मानित

हिसारः 22 जनवरी : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विस्तार शिक्षा विभाग के पूर्व प्रोफैसर एवं विभागाध्यक्ष डॉ. आर.के. शर्मा को नेशनल एकेडमी ऑफ वेटरनरी साइंसेज (इंडिया) द्वारा फैलोशिप प्रदान की गई है। उन्होंने यह फैलोशिप गत दिवस ओडिशा यूनिवर्सिटी ऑफ़ एग्रीकल्चर एंड टेक्नोलॉजी, भुवनेश्वर में आयोजित 17वें दीक्षांत समारोह में प्राप्त की।

डॉ. शर्मा को शिक्षण, अनुसंधान, क्षेत्र विस्तार और प्रशिक्षण में उत्कृष्ट उपलब्धियों के आधार पर अकादमी के फैलो के रूप में स्वीकृति प्राप्त हुई है। डॉ. शर्मा ने हरियाणा में जिला मुख्यालयों पर कृषि विज्ञान केंद्रों की स्थापना में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने विश्वविद्यालय के लिए वेटरनरी एक्सटेंशन प्रोग्राम विकसित किया जिसके फलस्वरूप पशुपालकों, पशु चिकित्सकों और पशु चिकित्सा वैज्ञानिकों को एक ही मंच पर एकत्रित होने में सहायता मिली। यह कार्यक्रम किसानों को पशु प्रजनन, पोषण, आवास और प्रबंधन, बीमारी की रोकथाम, नियंत्रण और वैज्ञानिक तर्ज पर उत्पादन पहलुओं की तकनीकी जानकारी के साथ-साथ क्षेत्र के पशु चिकित्सकों को पेशे में नवीनतम प्रगति के साथ समृद्ध रखने और समस्या-उन्मुख अनुसंधान के लिए वैज्ञानिकों को प्रतिक्रिया प्रदान करने में सहायक बना। इसके अतिरिक्त उन्होंने किसानों के लिए हर माह किए जाने वाले कार्यक्रमों का मासिक कैलेंडर तथा क्षेत्र के पशु चिकित्सकों के लिए टिप्स टू वेट्स की शुरूआत करने में योगदान दिया। उल्लेखनीय है कि डॉ. शर्मा द्वारा लिखित दो पुस्तकों के लिए उन्हें भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा दो राष्ट्रीय पुरस्कारों से नवाजा गया। उन्होंने पशुधन के क्षेत्र में विकास के लिए किसानों को वैज्ञानिक तर्ज पर पशुधन बढ़ाने तथा पशु चिकित्सकों को नवीनतम प्रगति के क्षेत्र में रखने के लिए सौ से अधिक लोकप्रिय पत्र-पत्रिकाओं को प्रकाशित करने के अलावा राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं में उनके 80 शोध-पत्र प्रकाशित हुए हैं।



# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ....पंजाब केसरी, दैनिक जागरण....
दिनांक 23.1.2019 पृष्ठ सं. 2, 16 कॉलम 7-8, 7-8

## डा. शर्मा नैशनल एकैडमी ऑफ वैटर्नरी साइंसेज फैलोशिप से सम्मानित

हिसार, 22 जनवरी (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विस्तार शिक्षा विभाग के पूर्व प्रोफैसर एवं विभागाध्यक्ष डा. आर.के. शर्मा को नैशनल एकैडमी ऑफ वैटर्नरी साइंसेज (इंडिया) द्वारा फैलोशिप प्रदान की गई है। उन्होंने यह फैलोशिप गत दिवस ओडिशा यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर एंड टैक्नोलॉजी, भुवनेश्वर में आयोजित 17वें दीक्षांत समारोह में प्राप्त की। डॉ. शर्मा को शिक्षण, अनुसंधान, क्षेत्र विस्तार और प्रशिक्षण में उत्कृष्ट उपलब्धियों के आधार पर अकादमी के फैलोशिप के रूप में स्वीकृति प्राप्त हुई है। डॉ. शर्मा ने हरियाणा में जिला मुख्यालयों पर कृषि विज्ञान केंद्रों की स्थापना में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।



*डा. आर.के. शर्मा।*

## एचएयू के डा. आरके शर्मा फेलोशिप से सम्मानित

हिसार : हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विस्तार शिक्षा विभाग के पूर्व प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डा. आरके शर्मा को नेशनल एकेडमी ऑफ वेटरनरी साइंसेज (इंडिया) की तरफ से फेलोशिप प्रदान की गई है। उन्होंने यह फेलोशिप गत दिवस ओडिशा यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर एंड टेक्नोलॉजी में आयोजित 17वें दीक्षांत समारोह में प्राप्त की। डा. शर्मा भारत के कृषि विश्वविद्यालयों, कृषि वैज्ञानिक भर्ती बोर्ड, संघ लोक सेवा आयोग, भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान और भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के गैर सरकारी संगठनों के सलाहकार भी रहे हैं। वह दो दशकों से अधिक समय से विनरॉक इंटरनेशनल, यूएसए के विशेषज्ञ पैनल में हैं। इसके अलावा उन्होंने विश्वविद्यालय के लिए वेटरनरी एक्सटेंशन प्रोग्राम विकसित किया, जिसके फलस्वरूप पशुपालकों, पशु चिकित्सकों और पशु चिकित्सा वैज्ञानिकों को एक ही मंच पर एकत्रित होने में सहायता मिली। (जासं)

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......दैनिक भास्कर, अमर उजाला......
दिनांक ..23.1.2019.. पृष्ठ सं. ...3, 4... कॉलम ...4, 8.........

## शिक्षण और अनुसंधान व क्षेत्र विस्तार के लिए डॉ. आरके शर्मा को मिली फैलोशिप

हिसार | एचएयू के विस्तार शिक्षा विभाग के पूर्व प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डॉ. आरके शर्मा को नेशनल एकेडमी ऑफ वेटरनरी साइंसेज (इंडिया) ने फैलोशिप प्रदान की है। यह फैलोशिप उन्हें पिछले दिनों ओडिशा यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर एंड टेक्नोलॉजी, भुवनेश्वर में आयोजित 17वें दीक्षांत समारोह में दी गई। डॉ. शर्मा को शिक्षण, अनुसंधान, क्षेत्र विस्तार और प्रशिक्षण में उत्कृष्ट उपलब्धियों के आधार पर अकादमी के फैलो के रूप में स्वीकृति प्राप्त हुई है। डॉ. शर्मा ने हरियाणा में जिला मुख्यालयों पर कृषि विज्ञान केंद्रों की स्थापना में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।


डॉ. आरके शर्मा

## डॉ. आरके शर्मा को मिला नेशनल एकेडमी ऑफ वेटरनेरी साइंसेज फेलोशिप

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विस्तार शिक्षा विभाग के पूर्व प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डॉ. आरके शर्मा को नेशनल एकेडमी ऑफ वेटरनेरी साइंसेज (इंडिया) द्वारा फेलोशिप प्रदान की गई है। उन्होंने यह फेलोशिप गत दिवस ओडिशा यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर एंड टेक्नोलॉजी, भुवनेश्वर में आयोजित 17वें दीक्षांत समारोह में प्राप्त की। डॉ. शर्मा को शिक्षण, अनुसंधान, क्षेत्र विस्तार और प्रशिक्षण में उत्कृष्ट उपलब्धियों के आधार पर अकादमी के फेलो के रूप में स्वीकृति प्राप्त हुई है। डॉ. शर्मा ने हरियाणा में जिला मुख्यालयों पर कृषि विज्ञान केंद्रों की स्थापना में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने विश्वविद्यालय के लिए वेटरनेरी एक्सटेंशन प्रोग्राम विकसित किया। यह कार्यक्रम किसानों को पशु प्रजनन, पोषण, आवास और प्रबंधन, बीमारी की रोकथाम, नियंत्रण और वैज्ञानिक तर्ज पर उत्पादन पहलुओं की तकनीकी जानकारी के साथ क्षेत्र के पशु चिकित्सकों को पेशे में नवीनतम प्रगति के साथ समृद्ध रखने और समस्या-उन्मुख अनुसंधान के लिए वैज्ञानिकों को प्रतिक्रिया प्रदान करने में सहायक बना।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम दैनिक ट्रिब्यून
दिनांक 23.1.2019 पृष्ठ सं. 7 कॉलम 4

# भुवनेश्वर में डॉ. आरके शर्मा को फैलोशिप

हिसार, 22 जनवरी (निस)

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के डिस्टेंट एजुकेशन के पूर्व प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डॉ. आरके शर्मा को नेशनल एकेडमी ऑफ वेटरनरी साइंसेज (इंडिया) ने फैलोशिप प्रदान की है। उन्होंने यह फैलोशिप सोमवार को ओडिशा यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर एंड टेक्नोलॉजी, भुवनेश्वर में आयोजित 17वें दीक्षांत समारोह में प्रदान की गई।

डॉ. शर्मा को शिक्षण, अनुसंधान, क्षेत्र विस्तार और प्रशिक्षण में उत्कृष्ट उपलब्धियों के आधार पर अकादमी के फैलो के रूप में स्वीकृति प्राप्त हुई है। डॉ. शर्मा ने जिला मुख्यालयों पर कृषि विज्ञान केंद्रों की स्थापना में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने विश्वविद्यालय के लिए वेटरनरी एक्सटेंशन प्रोग्राम विकसित किया, जिसके फलस्वरूप पशुपालकों, पशु चिकित्सकों और पशु चिकित्सा वैज्ञानिकों को एक ही मंच पर एकत्रित होने में सहायता मिली। उन्होंने पशुधन के क्षेत्र में विकास के लिए किसानों को वैज्ञानिक तर्ज पर पशुधन बढ़ाने तथा पशु चिकित्सकों को नवीनतम प्रगति के क्षेत्र में रखने के लिए सौ से अधिक लोकप्रिय पत्र-पत्रिकाओं को प्रकाशित करने के अलावा राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं में उनके 80 शोध-पत्र प्रकाशित हुए हैं।